# यीशु

## एक ऐसा व्यक्ति जिसकी आपको जरूरत है आज के लिए और सदा के लिए!



मैं आपको यीशु मसीह से मिलाना चाहता हु, हमारे सबसे महान परमेश्वर के एकमात्र पुत्र। वो सबसे बड़े आरोग्य देने वाला है ; वो हर बिमारी को चंगा करने वाले और हर टूटे हुए शरीर को जोड़ने वाले है। वो मुर्दे को भी जिंदा कर सकते है !

यीशु मसीह गरीब को अमीर करना जानते है। वो लोगो को शर्मिंदगी से छुड़ाना जानते है। एक बार, उन्होने पांच हजार लोगो को सिर्फ एक छोटे से बच्चे के डिब्बे से खिलाया था (मत्ती १४:१३-२१) वो इतने सामर्थी है। अगली बार, उन्होंने कुछ मछुवारे जो परेशान और मुसीबत मे थे उनके व्यापार मे सहायता कर के उन्हें आनंद और आशीष दी (लूका ५:१-११)। वो लोगो की जरुरत पूरी करने और उन्हें अशिषित करने मे बहुत अच्छे है।

ये जो यीशु मसीह है वो लोगों को शैतान के हाथों से भी छुड़ाते है और दुष्ट आत्मा से भी बचाते है। एक बार, एक आदमी था जिसके अंदर हजारों दुष्ट आत्मा थी। वो दुष्ट आत्माएं उसे उसके घर से खींच के ले गई और उसे शमशान मे रहने के लिए मजबूर कर दिया। वो दुष्ट आत्माएं उसे खुद को पत्थरों से काटने को मजबूर कर देती थी। उन्होंने पूरी तरह से उसपर कब्जा कर लिया था लेकिन यीशु मसीह की एक आज्ञा से, उन सारी दुष्ट आत्माओ ने उसे छोड़ दिया, और वो पूरी तरह से सामान्य हो गया(मरकुस ५:१-२०) यीशु मसीह ने ऐसे कई लोगो को दुष्ट आत्मा से छुड़ाया जो उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाती थी, और ऐसे भी लोगो को छुड़ाया जो दुष्ट आत्मा के वजह से बीमार थे(मरकुस ९:१४-२७; लूका १३:१०-१३)।

जो यीशु मसीह पे विश्वास करते है उन्हे वो दुष्ट आत्माओ को निकालने का अधिकार देते है । बीमारों को चंगा करने का अधिकार देते है, और मुर्दे को जिलाने का भी (मती १६:१५-१८)। वो उन्हे हर जादू टोने के ऊपर सामर्थ देते है , तो कोई भी जादू टोना उन्हे छू भी नहीं सकता (लूका १०:१९)। परमेश्वर ने देखा की हमारे पाप के स्वभाव के कारण हम नर्क जाने के मार्ग मे है। उन्होने देखा की कैसे शैतान हमारा इस्तेमाल कर रहा है और हमे अपनी इच्छा से चला रहा है (इफिसियो २:१-७)।

उन्होने देखा कि हमारा जीवन कितना भटक गया है हम कितने गंदे हो गया है इसलिए उन्होने अपने पुत्र यीशु मसीह को भेजा हमे बचाने के लिए (कुलुसियो १:१२-१५)

यीशु ने क्रूस पे एक शर्मिंदगी भरी मृत्यु को पाया। परमेश्वर ने हमारे सारे पापो को यीशु मसीह पे डाल दिया जब वो क्रूस पे चढ़ाएं गए। वो लहू जो यीशु मसीह ने मार खा कर दर्द सह कर बहाया है उस से हमारे सारे पापो को धो दिया है और सारे रोगों को हमसे दूर कर के हमे साफ किया है। वो वापस हमे हमारे पिता के घर ले आए है , परमेश्वर के घर। उन्होने हमे गरीबी के

श्राप से छुटकारा दिया है और रोगों से (गलतियों ३:१३)। उन्होने हमे पाप के सारे बंधनों से छुड़ाया है। अब हम परमेश्वर के साथ अपने पुत्र होने के अधिकार का आनंद उठा सकते है (यूहन्ना १:१२-१३)। अब हम उस विजय के जीवन का आनंद उठा सकते है और समृद्धि और स्वस्थ जीवन का भी। जब इस पृथ्वी पर हमारे दिन समाप्त हो जायेंगे, तब हम हमेशा अपने परमेश्वर के साथ स्वर्ग मे रहेंगे, लेकिन उसके लिए यीशु मसीह ने क्रूस पे हमारे लिए जो कुछ भी सहा है हमे उस पर विश्वास करना होगा।

अगर आज आप अपने परमेश्वर पिता के पास फिरना चाहते है और उन सारी चीजों का आनंद उठाना चाहते है जिसका मूल्य यीशु ने क्रूस पेचुकाया है, तो अपने पुर्ण ह्रदय से इस प्रार्थना को बोलिए:

**"यीशु, मै विश्वास करता हु आप मेरे लिए मरे, और परमेश्वर ने आपको मुर्दों मे से जिंदा किया है। आज मैं आपको मेरे जीवन के उद्धारकर्ता के रूप मे ग्रहण करता हु। धन्यवाद मुझे मेरे सारे पापो से बचाने के लिए। अब मैं परमेश्वर की संतान हु। मुझे इसी वक्त पवित्र आत्मा से भर दीजिए आमीन!"**

बधाई हो! अब आप नए व्यक्ति बन गए है। अब आप वो नही है जो आप इस सुसमाचार को पढ़ने से पहले थे। अब आप पापी नही है। आपका पुराना जीवन मर गया है खत्म हो गया है (२ कुरिंथियों ५:१७)। अब यीशु आपके ह्रदय मे है।



Samuel Odoh

अगर आपकी यीशु के बारे मे और जानने की इच्छा है और अगर आप सीखना चाहते है की कैसे आप पाप, बीमारियां, गरीबी और शैतान की सारी सामर्थ पर अधिकार पा सकते है तो हमारी मिनिस्ट्री से संपर्क करे। आप हमारे मुफ्त की बाईबल स्कूल और हर रविवार शाम को होने वाली चंगाई की सभा मे जुड़ सकते है। बस +२७ ६७ ०९३ १९७२ इस नंबर पर व्हाट्स ऐप करे। और जानकारी पाने के लिए आप हमारी वेबसाइड www.samuelodoh.org पर भी जा सकते है।